केन्द्रीय विद्यालयों में पालक-शिक्षक संघ

1605. **श्री राघवजी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनेक केन्द्रीय विद्यालयों में पालक-शिक्षक संघ बनाए गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने इनकी गति-विधियों के नियमन हेतु कोई दिशा-निर्देश बनाए हैं ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या संगठन को सूरत स्थित केन्द्रीय विद्यालय के पालक-शिक्षक संघ द्वारा उगाहे गए लाखों रुपयों के हिसाब किताब में व्याप्त गड़बड़ियों के बारे में जानकारी है; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा): (क) से (ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि हालांकि संगठन साधारणतया अभिभावक शिक्षक संघ के कार्यकलापों को प्रोत्साहित करता है और अभिभावक-शिक्षक संघ के जरिए अंशदानों को अधिमानतः वस्तु के रूप में प्रोत्साहित भी करता है किन्तु उसने ऐसे संघों के बारे में कोई मानक अंशदान निर्धारित नहीं किया है। अतः विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न अभिभावक-शिक्षक संघों के बारे में संगठन में ब्यौरा नहीं रखा जाता है।

(घ) और (ङ) आज की तारीख तक केन्द्रीय विद्यालय संगठन को ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

Reservation in KVS

1606. SHRI MISA R. GANESAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what are the details of percentage of reservation for different castes/classes and categories of groups at entry level of recruitment to different posts in Kendriya Vidyalaya Sangathan; and

(b) what are the details of backlog vacancies as on date in each kind of reservation and category of post/posts?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELIA): (a) Kendriya Vidyalaya Sangathan follow the instructions of Government of India regarding reservation for Scheduled Caste/Scheduled Tribe, different classes and categories for recruitment to different posts.

(b) The details of backlog for Scheduled Castes and Scheduled Tribes as on 31-12-93 and which have been advertised in April, 1994 are as under:

		Scheduled Castes	Scheduled Tribes
(i)	Primary Teacher	062	192
(ii)	Trained Graduate Teacher	117	170
(iii)	Post Graduate Teacher	[illegible]	078
(iv)	Music Teacher	004	008
(v)	S.U.P.W. Teacher	020	019
(vi)	Librarian	003	007
(vii)	Principal	009	017